भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
उपभोक्ता मामले विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 2815

जिसका उत्तर बुधवार, 17 दिसम्बर, 2025 को दिया जाएगा

उपभोक्ता जागरुकता और "मानक महोत्सव"

2815. श्री प्रवीण पटेलः
श्री नलिन सोरेनः

क्या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में विगत दो वर्षों के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा झारखंड सहित राज्य-वार उपभोक्ता जागरूकता एवं मानकीकरण के संबंध में चलाए गए अभियानों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या झारखंड सहित विभिन्न राज्यों में "मानक महोत्सव" और "मानक मंथन" कार्यक्रम आयोजित किए गए थे;

(ग) यदि हां, तो उक्त कार्यक्रमों के क्या उद्देश्य हैं और इसके अंतर्गत क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं;

(घ) क्या सरकार का व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उक्त कार्यक्रमों को वार्षिक आधार पर संस्थागत बनाने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(श्री बी. एल. वर्मा)

(क) और (ख): भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने पिछले दो वर्षों में उद्योग, शिक्षाविदों, सरकारी विभागों, उपभोक्ता संगठनों, परीक्षण प्रयोगशालाओं और अन्य हितधारकों के साथ कुल 482 'मानक मंथन' कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इसके अलावा, मानकीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर संबंधित हितधारकों के लिए 500 से अधिक सम्मेलन, संगोष्ठियां और वेबिनार आयोजित किए गए हैं।

इसके अलावा, पिछले दो वर्षों में बीआईएस-एमओयू पार्टनर इंस्टीट्यूट फ्रेमवर्क के तहत मानकीकरण से जुड़े कई जागरूकता कार्यक्रम और पहलें शुरू की गई हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) बीआईएस मानकीकरण अध्यक्षों और नोडल फैकल्टी के साथ दस वार्षिक सम्मेलन।
(ii) संस्थानों के प्रमुख स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर के साथ सहयोग मे छह बीआईएस स्टार्ट-अप मीट।
(iii) छात्रों के लिए बीआईएस अधिकारियों द्वारा मानकीकरण पर 451 तकनीकी सत्र।
(iv) मानकीकरण में फैकल्टी के क्षमता निर्माण के लिए दो फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी)।
(v) 25 संस्थानों के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में मानकीकरण पर बेसिक मॉड्यूल का एकीकरण।

(vi) छात्रों और फैकल्टी के लिए प्रमुख विनिर्माताओं और प्रयोगशालाओं का एक्सपोजर दौरा।
(vii) छात्रों के लिए मानकीकरण और संबंधित विषयों पर मासिक क्विज़।

बीआईएस ने पिछले दो वर्षों में 915 उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम और 04 क्वालिटी कनेक्ट अभियान चलाए हैं। उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम और क्वालिटी कनेक्ट अभियान का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I और अनुलग्नक-II में दिया गया है। पिछले दो वर्षों में झारखण्ड में 13 मानक मंथन, 03 मानक महोत्सव और 12 उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

(ग) से (ड.): मानक महोत्सव पहल में संगोष्ठि, प्रदर्शनी, क्वालिटी कनेक्ट अभियान, स्टेकधारक संवाद, आउटरीच कार्यक्रम, क्वालिटी रन/वॉक, मानक कारनिवल और बैठक जैसी कई तरह की स्ट्रक्चर्ड गतिविधियां शामिल हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, उद्योग, शिक्षाजगत तथा उपभोक्ताओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना और देशव्यापी गुणवत्ता संस्कृति को सुदृढ़ करना है।

मानक मंथन कार्यक्रम बीआईएस के विभिन्न शाखा कार्यालयों द्वारा मासिक रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। मानक महोत्सव कार्यक्रम बीआईएस के विभिन्न शाखा कार्यालयों द्वारा वर्ष में दो बार आयोजित किए जाते हैं। पिछले दो वर्षों में बीआईएस के शाखा कार्यालयों द्वारा कुल 102 मानक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

******

अनुलग्नक-I

उपभोक्ता जागरुकता और "मानक महोत्सव" के संबंध में दिनांक 17.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2815 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुलग्नक-I

पिछले दो वर्षों में राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार आयोजित उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या।

क्र. सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	वित्त वर्ष 23-24	वित्त वर्ष 24-25
		उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम	
1	आंध्र प्रदेश	3	2
2	अरुणाचल प्रदेश	0	0
3	असम	6	5
4	बिहार	1	1
5	छत्तीसगढ़	5	12
6	गोवा	0	1
7	गुजरात	115	130
8	हरियाणा	70	21
9	हिमाचल प्रदेश	6	4
10	झारखंड	2	10
11	कर्नाटक	0	4
12	केरल	8	9
13	मध्य प्रदेश	24	12
14	महाराष्ट्र	29	30
15	मणिपुर	0	0
16	मेघालय	1	4
17	मिजोरम	0	0
18	नागालैंड	0	0
19	ओडिशा	11	15
20	पंजाब	14	36
21	राजस्थान	20	15
22	सिक्किम	1	1
23	तमिलनाडु	17	33
24	तेलंगाना	9	11
25	त्रिपुरा	0	6
26	उत्तर प्रदेश	21	77
27	उत्तराखंड	8	10
28	पश्चिम बंगाल	5	24
29	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	0	0
30	चंडीगढ़	4	3
31	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	0	0

32	दिल्ली	19	27
33	जम्मू और कश्मीर	2	10
34	लद्दाख	0	0
35	लक्षद्वीप	0	0
36	पुदुचेरी	0	1
	कुल	401	514

******

अनुलग्नक-II

उपभोक्ता जागरुकता और "मानक महोत्सव" के संबंध में दिनांक 17.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2815 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुलग्नक- II

पिछले दो वर्षों में आयोजित क्वालिटी कनेक्ट अभियानों की संख्या।

वर्ष	2023-24	2024-25
क्वालिटी कनेक्ट अभियान	02	02

****